प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 04.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- वक्फ संशोधन विधेयक 2025 संसद से पारित–राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद विधेयक कानून का रूप लेगा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति से राजस्व में वृद्धि हुई।
- जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा–भविष्य में पानी की समस्या से निपटने के लिए सरकार अगले तीस सालों की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना बना रही है।
- पश्चिमी राजस्थान में जहां गर्मी के असर में बढोतरी–वहीं पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर बरसात।

**00000**

वक्फ संशोधन विधेयक 2025 संसद से पारित हो गया है। राज्यसभा ने 12 घंटे की चर्चा के बाद इसे कल मंजूरी दी। 128 सदस्यों ने संशोधन विधेयक के पक्ष में और 95 ने विपक्ष में मतदान किया। लोकसभा से यह विधेयक पहले ही पारित हो चुका है। अब इसे राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही यह विधेयक कानून का रूप ले लेगा। वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का उद्देश्य विरासत स्थलों के संरक्षण और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधानों के साथ वक्फ परिसंपत्तियों का समुचित प्रबंधन करना है। साथ ही प्रबंधन में पारदर्शिता तथा वक्फ बोर्ड और स्थानीय प्राधिकरणों के बीच समन्वय बढ़ाकर प्रशासन में सुधार लाना है। विधेयक का लक्ष्य मुस्लिम महिलाओं, विशेषकर विधवा और तलाकशुदा महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार लाना भी है। इसके तहत वक्फ बोर्ड में विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों और महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर, बेहतर प्रशासन के लिए वक्फ बोर्ड को अधिक समावेशी बनाया जायेगा। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस अधिनियम से मुस्लिम समुदाय के करोड़ों निर्धन लाभान्वित होंगे। उन्होंने विपक्ष के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि केवल मुस्लिम समुदाय ही वक्फ से लाभान्वित होंगे और वक्फ परिसंपत्तियों के प्रबंधन में किसी भी गैर मुस्लिम का हस्तक्षेप नहीं होगा।

.....

संसद ने मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक 2024, को भी मंजूरी दे दी है। यह विधेयक मुसलमान वक्फ अधिनियम 2023 का स्थान लेगा।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरकार कर चोरी सहित राजस्व लीकेज के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ काम कर रही है। इससे प्रदेश की राजस्व आय में पिछले साल की तुलना में साढे 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। श्री शर्मा कल जयपुर में राजस्व अर्जन से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए राजस्व संग्रहण आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को टैक्स कम्पाइलेंस बढ़ाने, कर प्रक्रियाओं को सरल करने और राजस्व लीकेज रोकने के साथ ही राजस्व लक्ष्यों का निर्धारण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में आबकारी विभाग के अधिकारियों को नकली शराब फैक्ट्रियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के साथ ही अवैध शराब के संबंध में जानकारी देने वाले मुखबिरों को प्रोत्साहित करने को भी कहा।

श्री शर्मा ने राजस्व में बढोतरी करने के लिए परिवहन विभाग के अधिकारियों को सार्वजनिक परिवहन के लिए पीएम ई–बस सेवा की पहल के संबंध में आवश्यक कार्यवाही को जल्द ही पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

0000

पशुपालन और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने ग्राम पंचायतों में गौवंश के लिये आश्रय स्थल खोलने में आ रही कठिनाई को देखते हुए गौशाला अधिनियम 1960 के दिशा निर्देशों में लचीलापन लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए है। कल जयपुर मे गोपालन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर आश्रय स्थलों की योजना के नियमों में कुछ संशोधन किया जाए ताकि गोशालाओं की संख्या बढाई जा सके। बैठक में गोशालाओं को भूमि आवंटन के नियमों में संशोधन पर राजस्व विभाग के प्रतिनिधि के साथ विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री ने जैसलमेर जिले की गोशालाओं द्वारा फर्जी अनुदान प्राप्त करने के मामले की जांच की समीक्षा करते हुए कहा कि फर्जी गोशालाओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने गोशालाओं के बकाया अनुदान के भुगतान की व्यवस्था भी जल्द कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि इसी महीने से गोशालाओं को नई बजट घोषणा के अनुसार अनुदान राशि दी जाएगी।

0000

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी और भूजल मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा है कि राज्य सरकार अगले तीस सालों की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना बना रही है ताकि भविष्य में पानी की समस्या ना हो। कल कोटा के सकतपुरा स्थित 130 एमएलडी प्लांट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने कोटा–बूंदी क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि हर घर को पर्याप्त पीने का पानी उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को 15वे वित्त आयोग से मिली राशि का समुचित उपयोग करने के लिए कहा। श्री चौधरी ने आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सप्ताह में एक बार जलापूर्ति कार्यो की समीक्षा करें। जलदाय मंत्री ने कोटा में अमृत 2.0 के कार्यो की टेंडर प्रकिया को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जलजीवन मिशन के अधूरे कार्यो में भी तेजी लाने को कहा।

0000

प्रदेश में मौसम के कई रंग देखने को मिल रहे है। पूर्वी राजस्थान में जहां कहीं–कहीं बादल गरजने और बिजली गिरने के साथ बरसात हुई, वही पश्चिमी राजस्थान में तेज गर्मी का असर देखा जा रहा हैं। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में बाडमेर में सबसे ज्यादा 42 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज हुआ। जैसलमेर में भी पारा 41 डिग्री सैल्सियस को पार कर गया।

.....

उधर भरतपुर में कल आंधी के साथ बरसात हुई जिससे तापमान में कुछ कमी आई।

.....

हनुमानगढ में हवायें चलने से तापमान में गिरावट आई है। वहीं राजधानी जयपुर में आज बादल छाये हुए है।

00000

आईपीएल क्रिकेट में आज शाम साढे सात बजे लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स और मुम्बई इंडियन्स के बीच मुकाबला होगा। इससे पहले कल रात खेले गए मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 80 रन से हरा दिया। 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद की टीम 16 ओवर और 4 गेंद में 120 रन पर सिमट गई। इधर, जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैचों की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने दर्शकों की सुरक्षा सहित आयोजन से जुड़े सभी इंतजामों के लिए निर्धारित मानदंडों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। 24 हजार की दर्शक क्षमता वाले सवाई मान सिंह स्टेडियम में सुरक्षा के लिहाज से 291 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। गौरतलब है कि एसएमएस स्टेडियम में पांच आईपीएल मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच 13 अप्रेल को राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलूरु के बीच होगा।

0000